सार-समाचार

पोस्टर का विमोचन

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने विकसित भारत युवा संसद पोस्टर का विमोचन किया। एमजी कॉलेज एनएसएस प्रभारी और युवा संसद की संयोजक डॉ सुनीता आर्य और डॉ सावित्री पाटीदार भी उपस्थित थीं। डॉ आर्य ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है और अब तक 500 से अधिक युवाओं ने पंजीयन करवाया है। युवा संसद के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च कर दी है। उदयपुर, सलूम्बर और राजसमन्द जिले के 18 से 25 वर्ष तक के युवा कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। किसी भी संकाय के रेगूलर या प्राइवेट स्टूडेंट और पढाई छोड चुके युवा भी शामिल हो सकते हैं। 'विकसित भारत से आप क्या समझते हैं' इस विषय पर एक मिनट का वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर 16 मार्च तक अपलोड करना होगा। द्वितीय चरण में चयनित 150 प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में एक राष्ट्र एक चुनाव: विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त विषय पर अपने विचार रखेंगे। 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय युवा संसद राजस्थान विधानसभा में होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 8696163508 पर और राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय या नेहरू युवा केंद्र उदयपुर में संपर्क कर सकते हैं।

कचरे में फेंका नवजात

उदयपुर, (कासं)। मंगलवार को अंबामाता थाना क्षेत्र में पंचवटी स्थित गुमानिया पुलिया के नीचे गंदगी के बीच एक नवजात का शव पडा मिलने से सनसनी फैल गई। नवजात लडका था, जिसका शव सफेद चादर में लिपटा हुआ था। उसके सिर और पेट पर खून के निशान थे। ऐसे में संभावना है कि नवजात को करीब 20 फीट ऊंची पुलिया से ही सीधे नीचे फेंका गया हो। आसपास लोगों ने जब नवजात के शव को देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी।अंबामाता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। घटना का पता लगने पर पुलिया पर लोगों की भारी भीड जमा हो गई। इससे ट्रेफिक जाम हो गया। पुलिस ने भीड को हटाकर ट्रेफिक व्यवस्था बहाल कराई। वहीं नवजात के शव को एमबी हॉस्पिटल मोर्चरी में शिफ्ट कराया। थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि नवजात को कोई रात के समय फेंककर गया है। उसे जिंदा या मृत फेंका गया। इस मामले की भी पुलिस जांच कर रही है। नवजात को पुलिया के नीचे कौन फेंककर गया है,इसका पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जल्द ही आरोपियों को पकडा जाएगा।

ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले के कानोड तहसील के पाणुन्द गांव में अवैध रूप से संचालित माइनिंग व मिनरल्स के विरोध में मंगलवार को उदयपुर जिला कलेक्टर एवं संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पाणुन्द पटवार हल्का.पाणुन्द भू.अभि.नि. क्षेत्र कानोड, तह. वल्लभनगर उदयपुर भूमि आराजी नंण. 441 स्थित है। जो गांव पाणुन्द के आबादी क्षेत्र से मात्र 800 मीटर की दूरी पर स्थित है। उक्त भूमि के पास पानी का एकमात्र स्त्रोत एक सार्वजनिक तालाब, आस पास में कृषि भूमिए बच्चों का खेल का मैदान पेड.पौधे पशुधन आदि स्थित है। भू माफियाओं की ओर से लगातार पहाडी क्षेत्र का अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे भविष्य में कभी भी तालाब को नुकसान पहुंच सकता है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं संभागीय आयुक्त से उक्त ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों के हित में फैसला लेकर उचित कार्रवाई करवाने की मांग की है।

अधेड़ की अकाल मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में अधेड़ की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार भगतसिंह कॉलोनी नाना खेड़ी थाना कोतवाली केंट गुना एमपी हॉल मादड़ी निवासा सुशील कुमारसिंह (57)पुत्र सूनूसिंह की अकाल मौत हो गई। सुनील मादड़ी रिलाईन्स कंपनी में मैनेजर था। सोमवार को उसकी अचानक तबीयत खराब होने पर निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल उमेदराम ने परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

उदयपुर, (कासं)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उदयपुर के प्रेसिडेंट एवं जिला कलेक्टर नमित मेहता के दिशा निर्देशन में सोसाइटी द्वारा आर्य समाज हिरण मगरी सेक्टर 4 के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आर्य समाज भवन हिरण मगरी में आयोजित हुआ। शिविर संयोजक नरेंद्र प्रसाद माथुर ने बताया कि शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण, नेत्र परीक्षण, डेंटल चेक अप, बीएमआइ परीक्षण नेचुरोपैथी एवं स्वास्थ्य संबंधित परामर्श, फिजियोथैरेपी सेवाएं, स्त्री रोग सेवाएं क्षेत्र विशेष के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई । शिविर से 192 छात्राएं और 80 आमजन लाभान्वित हुए। आर्य समाज हिरण मगरी के प्रधान भंवरलाल आर्य, मंत्री डॉ वेद मित्र आर्य, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र भंसाली, मानद सचिव सुनील गांग और चिकित्सा प्रकल्प समन्वयक डॉ.'राजश्री गांधी ने शिविर का नेतृत्व किया।

वाटर लेजर शो 4 दिन बन्द

उदयपुर, (कासं)। प्रताप गौरव केंद्र राष्ट्रीय तीर्थ में वाटर लेजर शो मेवाड की शौर्य गाथा 13 से 16 मार्च तक बंद रहेगा। यह निर्णय रखरखाव कार्य और होली पर्व को ध्यान में रखते हुए लिया है। निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि 14 मार्च को धुलंडी के दिन प्रताप गौरव केंद्र पूर्णत: बंद रहेगा। अन्य दिनों में पर्यटक केंद्र के दर्शन कर सकेंगे। शाम को होने वाला लेजर शो 4 दिन बन्द रहेगा।

प्राकृतिक खेती के लाभप्रद मॉडल करने होंगे विकसित : डॉ. मेहता

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर के तत्वाधान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित जैविक खेती पर अग्रिम संकाय प्रशिक्षण केन्द्र के अन्तर्गत 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम "प्रकृति के साथ सामंजस्य: प्राकृतिक खेती में अनुसंधान और नवाचार" का समापन अनुसंधान निदेशालय, उदयपुर में पूर्व कुलपति, डॉ. एस. एल. मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ. एस. एल. मेहता ने कहा कि प्राकृतिक कृषि को यदि हमें कृषकों के मध्य प्रचलित रूप में स्थापित करना है तो विवि वैज्ञानिकों एवं प्रसार अधिकारियों को इसके लाभप्रद मॉडल विकसित करने होंगे। तभी कृषक प्राकृतिक खेती को अपनायेगें। डॉ. मेहता ने कहा कि प्राकृतिक खेती को वृहद रूप से अनुसरणिय बनाने के लिए गांवों के समुह बनाने होंगे जो संयुक्त रूप से प्राकृतिक खेती को एक साथ अपनाये। डॉ. मेहता ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र वितरित किये एवं सभी से आव्हान किया कि अपने-अपने राज्यों में जाकर ब्रांड एम्बेसेडर की भूमिका निभाये। विदित् है कि प्रशिक्षण में 6 राज्यों के 25 वैज्ञानिक भाग ले रहे थे। डॉ अरविंद वर्मा, निदेशक अनुसंधान एवं कोर्स डायरेक्टर ने प्रशिक्षणार्थीयों को दिये प्रशिक्षण का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

डॉ. वर्मा ने बताया कि यह 21 दिवसीय प्रशिक्षण वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों पर चिंतन, मनन एवं विश्लेषण के लिए एक मंच के रूप में सहायक सिद्ध हुआ। जिसमें वैज्ञानिक ज्ञान एवं विचारों का आदान-प्रदान किया। वर्तमान परिस्थिति में प्राकृतिक खेती के समक्ष मानव स्वास्थ्य सुधार, पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ लाभप्रदता एक बडी चुनौती है। डॉ. वर्मा ने बताया कि पूरे प्रशिक्षण में 33 सैद्धान्तिक व्याख्यान, 8 प्रयोग प्रशिक्षण एवं 6 प्रशिक्षण भ्रमणों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया । प्राकृतिक खेती पर साहित्य विकसित कर प्रतिभागियों को उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. एल. सोनी, निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, डॉ. अमित त्रिवेदी, क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, उदयपुर आदि उपस्थित थे। डॉ. रविकांत शर्मा, सहनिदेशक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण समन्वयक ने धन्यवाद ज्ञापन , संचालन डॉ. लतिका शर्मा, सहआचार्य ने किया।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलपति, डॉ. एस. एल. मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इंडस्ट्रियल यूनिवर्सिटी वियतनाम का किया शैक्षणिक दौरा

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के तत्वाधान में नवीनतम तकनीकों की जानकारी के लिए विद्यार्थिओं एवं फैकल्टी मेंबर्स का इंडस्ट्रियल यूनिवर्सिटी वियतनाम का शैक्षणिक दौरा किया । इससे विद्यार्थी एवं फैकल्टी मेंबर्स आधुनिक तकनीकों और विदेशो की उच्च शिक्षा प्रणाली से अवगत हुए।

संस्थान के निदेशक डॉ.एस एम् प्रसन्ना ने बताया कि तकनिकी हमारे सोच से भी ज्यादा तेजी से बदल रही है ऐसे में वैज्ञानिक प्रगति और औद्योगिक विकास में आगे बढने के लिए विद्यार्थिओं को नवीनतम तकनीकों से अवगत होना आवश्यक हो गया है। इससे प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बने रहना संभव हो पाता है।इसी के तहत वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी स्थित इंडस्ट्रियल यूनिवर्सिटी वियतनाम का यह शैक्षणिक दौरा किया गया। इस दौरे के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने वहां के अत्याधुनिक आई ओ टी लैब मेकट्रॉनिक्स लैब वी एल एस आई और सेमीकंडक्टर लैब तथा पी जी ए लैब जैसी प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। छात्रों ने इस दौरे के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए मशीन लर्निंग तथा डेटा साइंस से संबंधित समस्याओं पर काम किया और सर्टिफिकेट प्राप्त किये। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप गर्ग के सानिध्य में किये गए इस दौरे का मुख्य उद्देश्य प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं को आधुनिक शोध एवं नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना था। विद्यार्थी पुनीत अग्रवाल, याशी सिंह चौहान, इशिता शर्मा हिमानी कटारिया और हिरन्या सोनी ने अपने संकाय सदस्य डॉ अनुराग पालीवाल, डॉ विजेंद्र कुमार मौर्य और डॉ मोहम्मद साबिर के साथ यह शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरान दोनों संस्थानों के शिक्षकों द्वारा सहयोगात्मक शोध की सम्भावनाओ पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक बी एल जार्गीड ने कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

गिट्स के विद्यार्थिओं एवं फैकल्टी मेंबर्स ने इंडस्ट्रियल यूनिवर्सिटी वियतनाम का शैक्षणिक दौरा किया।

बैनर टांगने पर निगम ने की कार्यवाई

उदयपुर,(कासं)। नगर निगम ने लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर में सार्वजनिक संपत्ति पर बिना अनुमति पोस्टर चिपकाने और सड़क मध्य बैनर टांगने के कारण शहर की 18 फर्मों को नोटिस दिया है। निगम सख्ती करते हुए पुलिस थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाएगी।

नगर निगम आयुक्त आईएएस राम प्रकाश ने बताया कि उदयपुर शहर में किसी भी सार्वजनिक/राजकीय संपत्ति पर बैनर एवं पोस्टर नहीं चिपकाने हेतु कई बार अपील की गई। दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की भी हिदायत दी गई लेकिन निगम की अपील को नजरअंदाज करते हुए फिर से 18 प्रतिष्ठानों ने सार्वजनिक एवं राजकीय संपत्ति पर पोस्टर चिपकाए ओर सड़क के बीच में बैनर लगाए जिससे शहर की खूबसूरती बिगड़ रही है। मंगलवार को शहर कोट भीतर घंटाघर, जगदीशचौक, हाथीपोल, सूरजपोल, चांदपोल, आदि क्षेत्र में पोस्टर लगाए गए और बैनर लगाए गए थे। इसको लेकर सभी फर्मों को नोटिस जारी किया।

बोर्ड मानदेय में वृद्धि की मांग

राजसमंद, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के पदाधिकारियों ने शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश पुष्करणा को पत्र लिखकर बोर्ड परीक्षाओं में लगे कार्मिकों की मानदेय में वृद्धि करवाने की मांग की है।

इस अवसर पर जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा कक्षा 10वीं तथा 12वीं बोर्ड परीक्षा का शुल्क प्रतिवर्ष बढाया जा रहा है परंतु परीक्षा में लगे केंद्राध्यक्ष, अतिरिक्त केंद्राध्यक्ष, वीक्षक एवं सहायक कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि नहीं की गई है। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के लिए वरिष्ठ अध्यापकों एवं व्याख्याताओं को बतौर परीक्षा के साथ-साथ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का अतिरिक्त कार्य भी करवाया जाता है। जिसके लिए बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका 14रू एवं बारहवीं के लिए 15रू की दर से प्रति उत्तर पुस्तिका का मानदेय का भुगतान करता है जो की बहुत ही काम होता है। जिला संगठन मंत्री शंकरलाल माली ने कहा कि बडी विडंबना है कि इस मानदेय का भुगतान भी 1 वर्ष के बाद ही किया जाता है।

कुंभलगढ़ दुर्ग का भ्रमण कर छात्र हुए अभिभूत

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के इतिहास एवं संस्कृति विभाग द्वारा इतिहास विषय में स्नातकोत्तर में अध्यनरत विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का कुंभलगढ दुर्ग की स्थापत्य एवं संस्कृति की जानकारी को देने हेतु ऐतिहासिक भ्रमण रखा गया ।

इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि मेवाड के इतिहास में महाराणा कुंभा एवं कुंभा द्वारा निर्मित दुर्ग एवं मंदिर महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। मेवाड के इतिहास तथा मंदिर दुर्ग के स्थापत्य एवं मंदिर संस्कृति तथा मूर्ति शिल्प का व्यावहारिक रूप से समझने के लिए कुंभलगढ दुर्ग महत्वपूर्ण स्थान रखता है।इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तथा स्थापत्य एवं मंदि र मूर्ति शिल्प पर शोध को बढावा देने के लिए इतिहास एवं संस्कृति विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का एक दिवसीय ऐतिहासिक भ्रमण रखा गया ।

सहायक आचार्य डा. ममता पूर्बिया ने बताया कि विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम मामादेव मंदिर, पृथ्वीराज की छतरी,मामादेव कुंड, ब्राह्मण मंदिर,गालेराव ठ्ठाप के जैन मंदिर ,जूना भीलवाडा का जैन मंदिर, खेडा देवी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर ,यज्ञ वेदी मंदिर आदि की स्थापत्य एवं मंदिरों में अंकित मूर्ति कला की जानकारी प्राप्त की । साथ ही विद्यार्थियों ने कुंभलगढ दुर्ग की स्थापत्य एवं सैन्य सामरिक पद्धति को बारीकी से समझने का प्रयास किया। ऐतिहासिक भ्रमण में बिंदिया पंवार, पायल लौहार, चैन शंकर दशोरा, अंशदीप चुंडावत, नितेश लौहार ,अभय पटेरीया, हेमंत मेनारिया, रजत पटेल एवं चंद्र प्रकाश भट्ट उपस्थित थे।

विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का कुंभलगढ दुर्ग की स्थापत्य एवं संस्कृति की जानकारी देने हेतु भ्रमण रखा गया।

सार-समाचार

12 हजार लीटर वॉश नष्ट

उदयपुर,(कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, अकरम खान, एएसआई प्रतापसिंह, हेडकांस्टेबल सजय कुमार, हेडकांस्टेबल हेमेन्द्रसिंह, हेडकांस्टेबल विरोन्द्र कुमार , हेडकांस्टेबल अकरम खान की टीम ने नेला रोड, काया, बीडीओं कॉलोनी बलिचा, दक्षिण विस्तार, ट्रांसपोर्ट नगर क्षैत्र, कुण्डाल क्षैत्र, में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जब्त कर 12 हजार लीटर वाश को नष्ट कर आरोपी लक्ष्मण पुत्र नाना मीणा निवासी पानवा फला बारापाल गोवर्धन विलास, केसुलाल पुत्र दिताराम निवासी खरपीणा फला काकरसेंदा गोवर्धन विलास, लक्ष्मण पुत्र रतन गमेती निवासी नेला हॉल जोगी तालाब गोवर्धन विलास, प्रकाश कुमावत पुत्र धर्मनारायण कुमावत निवासी खेरादीवाडा चारभुजा मंदिर के पास सूरजपोल हॉल दक्षिण विस्तार योजना ई ब्लॉक, प्रभूलाल पुत्र रोड़ा जी गमेती निवासी सुरो का फला गोवर्धन विलास, हिरालाल पुत्र दिता निवासी सेठजी की कुण्डाल गोवर्धन विलास एवं शंकर बागरिया पुत्र प्रेम बागरिया निवासी किटोड़ा काया गोवर्धन विलास को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला

उदयपुर,(कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर युवती के खिलाफ पुत्र को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित केसुलाल पुत्र फत्ताजी तेली निवासी वाघपुरा निचलली गवाड़ी ने आरोपी पुष्पा तेली पुत्री सन्दर तेली के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवया। जिसमें उसने बताया कि 10 मार्च को मेरे पुत्र कमलेश (23)ने एकलव्य कॉलोनी में स्थित गोदाम में आकर फांसी लगा ली थी। इसकी सूचना मिलने पर एसआई मुगलाराम ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि कमलेश निजी चिकित्सालय में नौकरी करता था एवं आरोपी पुष्पा के संपर्क में था। पिता ने आरोपी के खिलाफ पुत्र को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज करवाया। मामले की जांच एसआई मुगलाराम कर रहे है।

चोरी के तीन वाहन जब्त

उदयपुर,(कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने चोरी की गई कार सहित तीन चार पहिया वाहन बरामद। इस मामले में अन्तजर्राज्यीय वाहन चोर गेग के बदमाशों को किया नामजद। प्रकरण के अनुसार 6 फरवरी 25 को पीडित मुकुल मेहता पुत्र गिरजाशंकर मेहता नविासी राजस्थान हाउसींग बोर्डकॉलोनी सेक्टर 14 ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 26 फरवरी रात में अज्ञात चोर मेरे मकान के बाहर खड़ी मेरी कार चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने मामले में किए गए अनुसंधान के दौरान 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध वाहनों को चिन्हित कर अंतरर्राज्यीय चौपहिया वाहन चोर गैंग का सरगना व गुढामालानी जिला बाडमेर के हिस्ट्रीशिटर शंकर विश्नोई पुत्र भागीरथ विश्नोई निवासी मोखावा थाना गुढामालानी को नामजद कर चोरी की गई कार जब्त कर किया। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान चोरी की कार के अलावा वारदात करने के दौरान प्रयुक्त कार के अलावा एक अन्य कार बरामद की है। अनुसंधान में पता चला कि शंकर अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का सरगना होकर हिस्ट्रीशिटर है । जिसके खिलाफ राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र से चारपहिया वाहन चोरी के प्रकरण दर्ज है। 10 मार्च को वाहन चोर गैंग के बदमाश वारदात करने की नियत से क्षेत्र में आने तथा झाड़ोल कुण्डाल क्षैत्र में रोड़ पर खड़े होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस के मौके पर पहुंचने पर बदमाश वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गए। इस पर पुलिस ने तीन कारों को बरामद की है।

अवैध खैर की लकड़ी से भरा ट्रक जब्त

उदयपुर,(कासं)। माण्डवा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध खेर की लकडी से भरा ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, माण्डवा थानाधिकारी देवीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने नाकाबंदी के दौरान ट्रक को रोक तलाशी ली तो उसमें प्रतिबंधित खेर की लकडी भरी थी। पूछताछ में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस ने अवैध 6490 किलों खैर की लकडी से भरा ट्रक जब्त कर चालक अरमान पुत्र साहुन निवासी गुवालदा थाना चौपान की भिवाड़ी को गिरफ्तार किया।

नकली घी बरामद

उदयपुर,(कासं)। घंटाघर थानापुलिस ने कार्यवाही करते हुए डेयरी से दो सौ किलों से अधिक नकली देशी घी एवं उपकरण जब्त कर एक आरोपी को हिरासत में लिया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में घंटाघर थानाधिकारी सुनिल शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मंगलवार सांय गणेश कॉलोनी राजवी का हाटा में स्थित दूध डेयरी पर दबीश देकर 200 किलों से अधिक नकली देशी घी तथा घी बनाने के उपकरण जब्त कर खुबीलाल पुत्र रंगलाल नागदा निवासी रामा हॉल गणेश कॉलोनी रावजी का हाटा को हिरासत में लिया है। समाचार लिखे जाने तक कार्यवाही जारी है।

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं. 9478 **लोक-सूचना** दिनांक :11/03/2025

श्री रामचन्द्र पिता श्री मन्नालाल देवपुरा निवासी कांकरोली द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	कांकरोली	474/1	रकबा 0.1093 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

शिविर में 86 यूनिट रक्तदान

उदयपुर,(कासं)। जैन नवयुवक मंडल सेक्टर 11-13 एवं महावीर इंटरनेशनल उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में हिरण मगरी, से.-11 स्थित महावीर भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाराणा भूपाल चिकित्सालय ब्लड बैंक के चिकित्सक एवं तकनीकी सहयोगी के सहयोग से 135 रक्तदाताओं के रजिस्ट्रेशन में से 86 यूनिट का रक्तदान संभव हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक ताराचंद जैन ने युवा टीम की प्रशंसा की। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र के युवा अध्यक्ष सुनील गांग द्वारा अपने जीवन में 36वीं बार रक्तदान किया । महावीर समिति के अध्यक्ष पारस हिंगड सचिव अशोक खुरदिया व जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विशाल मारू सचिव लोकेश कोठीफोडा एवं शिविर संयोजक राकेश ने सहयोग के लिए धन्यवाद अर्पित करते हुए सभी रक्तदाताओं को अभिनंदन पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया।

सिद्धचक्र महामण्डल विधान में की विषेश पूजा-अर्चना

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर के जैन समाज के सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्व शान्ति महायज्ञ के तहत विविध अनुष्ठान जारी है।

समाज प्रवक्ता इन्द्रलाल फान्दोत ने बताया मंगलवार सुबह मुनि अपूर्व सागर महाराज, मुनि अर्पित सागर महाराज, मुनि विवर्जित सागर महाराज एवं प्रतिष्ठाचार्य पण्डित अरविन्द जैन व बाल ब्रह्मचारी नमन भैया के दिशा निर्देशन में विधान के पांचवें दिवस पर सभी इन्द्र-इंद्राणियों एवं श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन हुआ। अभिशेक व षांतिधारा का सौभाग्य ललित कुमार, निलेश कुमार, सचिन उदयपुरिया परिवार, सुमति लाल, हितेश कुमार, विशाल लिखमावत परिवार, मुनिश्री ससंग के पाद प्रक्षालन गोटी लाल जम्बूकुमार लूणदीया एवं जिनवाणी भेंट सुमति लाल बेबी देवी डवारा द्वारा की गई। सैकडों भक्तों ने सुबह 7 से 1 बजे तक पुरी चेतना व आनन्द नृत्यगान के साथ सिद्ध परमात्मा के चरणों में श्रीफल अर्घ्य समर्पण किये।

विधान में 25 प्रकार के फलों से कविता पदम पाटनी परिवार और मायादेवी सुशील गोठाने परिवार ने विशेष अर्चना की। सांयकाल धर्म सभा में आदिनाथ भगवान, नन्दीश्वर भगवान, सिद्धचक्र की बहुत ही भक्ति से आरती होती है। प्रश्नमंच व विद्ध्वानों को प्रवचन होते है। दिगम्बर जैन समाज के सर्वोच्च आचार्य शांतिसागर गुरुदेव के जीवन पर आधारीत फिल्म दिखाई गई। विधान के अवसर पर मुनि अपूर्व सागर महाराज ने कर्म दहन विधान की आहूती के समय बताया कि मानव को अपने पूर्व कर्मों का फल स्वयं को भोगना होता है। अपने अच्छे कर्मों का फल अच्छा मिलता है। बुरे कर्मों का फल बुरा मिलता है। सन्त कहते कर्म किये जा फल की इच्छा मत कर इंसान। पापों को छोड़ो।

किसी का दिल मत दुखाओं, इमानदारी से व्यापार करो। गरीबों का खून मत चूसो । शराब व जुआ खेलना नरक में ले जाने वाला है। पराई स्त्री पर गलत निगाह मत रखो। इन्सान बनो हैवान मत बनो। प्राणी मात्र से मैत्री, प्रेम, सद्भावना, भाईचारी का व्यवहार करें। सबसे मधुर व्यवहार करे। जरूरतमंद की सहायता करना। गो रक्षा करने में अपनी लक्ष्मी का सदुपयोग करना। अंत सभी भक्तों मुनि संघ मंगल आशीर्वाद दिया।

भ्रामक अफवाहों से बचें : आबकारी आयुक्त

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पारदर्शिता व सरलीकृत व्यवस्वथा के साथ किया जा रहा है। प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत शेष रही मदिरा दुकानों की समूहवार नीलामी की ऑनलाईन प्रक्रिया मंगलवार को प्रारंभ हो गई है।

उल्लेखनीय है कि समूहवार नीलामी के संबंध में हाईकोर्ट बैंच जयपुर में दायर याचिका पर न्यायालय ने स्टे नही दिया है अत: आवेदनकर्ता भ्रामक अफवाहों से बचते हुए बिना संशय के ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा अधिकतम मदिरा दुकानों का रिन्युअल कर लिया गया है। शेष दुकानों के समूहवार अथवा कलस्टर ऑनलाईन नीलामी 11 मार्च 2025 से पारदर्शिता के साथ की जा रही है। समूहवार नीलामी पर रोक के संबंध में हाईकोर्ट बैंच में दायर स्टे याचिका को माननीय न्यायालय द्वारा स्टे नही दिया गया है। इस प्रकार मदिरा दुकानों के पुराने अनुज्ञाधारी एवं नये आवेदनर्ता भ्रामक अफवाहों से बचते हुए बिना किसी संशय के मदि